जेबीआईटी में इंडस्ट्री एकेडमी मीट आयोजित

इस प्रकार के सम्मेलन छात्र हित में बहुत जरूरी: डॉ. ओंकार

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। जेबी इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी में शनिवार को इंडस्ट्री एकेडमी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. डा. ओंकार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. डा. ओंकार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन का आयोजन छात्र हित में बहुत जरूरी है इससे छात्रों को औद्योगिक जगत की विशिष्ट जानकारियां प्राप्त होगी ऐसी में उम्मीद करता हूं, उन्होंने संस्थान से आगे भी इस प्रकार की आयोजन करते रहने का आह्वान किया। डा. राहुल सिंह हेड इनक्यूबेशन, गवर्नमेंट इंस्टिटड्‌ूट आफ मेडिकल साइंसेज उत्तर प्रदेश ने छात्रों से नवाचार का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों से कहा आज का समय टेक्नालाजी का समय है इस टेक्नोलाजी का प्रयोग कर कैसे आप आम जनमानस का जीवन स्तर में सुधार ला सकते हैं इसके बारे में सोचना चाहिए।

मीट में आए अन्य वक्ताओं में सागर रादी एवं डा. सुभाजित भट्टाचार्य ने भी अलग-अलग सत्पों में छात्र छात्राओं को संबोधित किया। वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने मुख्य अतिथि सहित सभी औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मीट में संस्थान के सेक्रेटरी रजत सिंघल, निदेशक डा. पीके चौधरी, निदेशक आइक्यूएसी डा. एम के अरोड़ा, रजिस्ट्रार डा. विशांत कुमार, विकास चमोली, डा. विकास वर्मा व डा. संदीप चौधरीआदि उपस्थित थे।